VAJIRAO & REDDY INSTITUTE
India's Top Potential Training Institute for IAS
+918988885050
+918988886060
www.vajiraoinstitute.com
info@vajiraoinstitute.com

# TODAY'S ANALYSIS
## (आज का विश्लेषण)
## (14 February 2025)

**Sources:**

The Hindu, The Indian Express, The Economics Times & PIB

## Important News:

- **भारत-अमेरिका संबंधों को और प्रघाढ़ बनाने वाली प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात**

ADDRESS:
19/1A Shakti Nagar, Nagiya Park Near Delhi University, New Delhi - 110007 (India)

VAJIRAO & REDDY INSTITUTE
India's Top Potential Training Institute for IAS
+918988885050
+918988886060
www.vajiraoinstitute.com
info@vajiraoinstitute.com

# भारत-अमेरिका संबंधों को और प्रघाढ़ बनाने वाली प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात:

**परिचय:**



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 14 फरवरी को भारतीय समयानुसार सुबह 5 बजे व्हाइट हाउस में एक उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय बैठक की, जो राष्ट्रपति ट्रम्प के दोबारा निर्वाचित होने के बाद पहली आधिकारिक मुलाकात है।
- उल्लेखनीय है कि अमेरिका-भारत द्विपक्षीय संबंधों को और प्रघाढ़ बनाने वाली इस बैठक में राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी ने कई मुद्दों के बारे में बात की। इनमे F-35 लड़ाकू विमान, अमेरिका से भारत को ऊर्जा निर्यात से लेकर मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के मुद्दे शामिल हैं।
- उल्लेखनीय है कि दोनों नेताओं के इस ऐतिहासिक बातचीत में निम्नलिखित प्रमुख मुद्दे केंद्र में रहे जो भारत-अमेरिका संबंधों को एक नया आयाम देने वाले होंगे।

## भारत-अमेरिका ने बेहतर द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य तय किया:

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका ने 2030 तक अपने द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना से अधिक करके 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य तय किया है। दोनों देशों की टीमें बहुत जल्द ही एक पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर काम करेंगी।
- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तेल और गैस के व्यापार पर ध्यान केंद्रित करेगा। परमाणु ऊर्जा में अवसंरचना में निवेश भी बढ़ेगा। छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों (SMR) पर सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की गयी है।
- राष्ट्रपति ट्रंप ने भी परमाणु सहयोग की बात कही। उन्होंने कहा कि अमेरिकी परमाणु उद्योग के लिए अभूतपूर्व विकास में, भारत अमेरिकी परमाणु प्रौद्योगिकी का स्वागत करने के लिए अपने कानूनों में भी सुधार कर रहा है।

## अंतरिक्ष, रक्षा और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग:

### रक्षा क्षेत्र में सहयोग:

- प्रधानमंत्री मोदी अनुसार रणनीतिक और विश्वसनीय साझेदार के रूप में भारत की रक्षा तैयारियों में अमेरिका की महत्वपूर्ण भूमिका है। दोनों देश आने वाले समय में संयुक्त विकास, संयुक्त उत्पादन और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की दिशा में सक्रिय

रूप से आगे बढ़ रहे हैं और नई प्रौद्योगिकी और उपकरण हमारी क्षमताओं को बढ़ाएंगे।

- दोनों देशों ने "स्वायत्त प्रणाली उद्योग गठबंधन" शुरू करने का फैसला किया है और अगले दशक के लिए रक्षा सहयोग ढांचा तैयार किया जाएगा। रक्षा अंतर-संचालन, रसद, मरम्मत और रखरखाव भी इसके प्रमुख घटक होंगे।

**अमेरिका भारत को F-35 स्टील्थ लड़ाकू विमान देगा:**

- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2025 से भारत को सैन्य बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि करने की योजना की घोषणा की है, जिसमें संभावित गेम-चेंजर F-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों का प्रावधान है। हालांकि ट्रंप ने, विदेशी सैन्य बिक्री की जटिलता को देखते हुए, कोई विशिष्ट समय सीमा नहीं बताई।

**प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग:**

- यह कहते हुए कि 21वीं सदी प्रौद्योगिकी-संचालित है और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले दोनों देशों के बीच इस क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग पूरी मानवता को नई दिशा, शक्ति और अवसर दे सकता है। भारत और अमेरिका आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अर्धचालक, क्वांटम, जैव प्रौद्योगिकी और कई अन्य प्रौद्योगिकियों के

क्षेत्रों में संयुक्त रूप से काम करेंगे। दोनों देश 'ट्रस्ट (TRUST: Transforming relationships utilizing strategic technology)' पर भी सहमत हुए।

- दोनों देशों का ध्यान महत्वपूर्ण खनिजों, उन्नत सामग्रियों और फार्मास्यूटिकल्स के लिए मजबूत आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने पर होगा। दोनों देशों ने लिथियम और दुर्लभ पृथ्वी जैसे रणनीतिक खनिजों के लिए पुनर्प्राप्ति और प्रसंस्करण पहल शुरू करने का भी फैसला किया है।

**अंतरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग:**

- प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरिक्ष सहयोग पर कहा कि भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में अमेरिका के साथ घनिष्ठ सहयोग किया है, इसरो और नासा के बीच आपसी सहयोग से विकसित निसार (NISAR) उपग्रह जल्द ही एक भारतीय प्रक्षेपण यान पर अंतरिक्ष में उड़ान भरेगा।

**क्वाड और आर्थिक गलियारों पर फोकस:**

**इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सहयोग:**

- इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सहयोग पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच साझेदारी लोकतंत्र को मजबूत करती है और लोकतांत्रिक मूल्यों और प्रणालियों को मजबूत करती है।

- दोनों देश इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि बढ़ाने के लिए मिलकर काम करेंगे, इसमें 'क्वाड' की विशेष भूमिका होगी।
- इस साल भारत में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन के दौरान हम अपने साझेदार देशों के साथ नए क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार करेंगे।

**भारत-मध्य-पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे (IMEC) पर सहयोग:**

- साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-मध्य-पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे (IMEC) का भी जिक्र किया और कहा कि IMEC और I2U2 के तहत दोनों देश आर्थिक गलियारों के विकास और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे।
- वहीं राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि हम इतिहास के सबसे महान व्यापार मार्गों में से एक के निर्माण में मदद करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। यह भारत से इजरायल, इटली और आगे संयुक्त राज्य अमेरिका तक जाएगा, जो हमारे साझेदारों को बंदरगाहों, रेलवे और अंडरसी केबल से जोड़ेगा। यह एक बड़ा विकास है। इसमें बहुत सारा पैसा खर्च किया जाएगा, और हमने कुछ खर्च किया है, लेकिन आगे बने रहने और अग्रणी बने रहने के लिए हमें और भी अधिक खर्च करना होगा।

+918988885050
+918988886060
www.vajiraoinstitute.com
info@vajiraoinstitute.com

## रूस-यूक्रेन युद्ध, टैरिफ और एक-दूसरे की प्रशंसा:

### दोनों नेताओं का एक दूसरे में विश्वास:

- अपने ओवल ऑफिस में राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी का हाथ मिलाकर और गले लगाकर स्वागत किया और प्रधानमंत्री को लंबे समय से अपना “महान मित्र” बताया।
- अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति बनने पर बधाई दी और राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान भारत-अमेरिका संबंधों के ऊपर की ओर बढ़ने को याद किया।
- प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि “राष्ट्रपति ट्रंप हमेशा अमेरिका के राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च रखते हैं और उनकी तरह मैं भी भारत के राष्ट्रीय हित को हर चीज से ऊपर रखता हूं”।
- इसका जवाब देते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत में बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और उनके (पीएम मोदी) और मेरे बीच बहुत अच्छी दोस्ती है और हम अपने देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करना जारी रखेंगे।

## टैरिफ मुद्दा:

- अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा अमेरिका के सभी व्यापारिक साझेदारों के लिए नई पारस्परिक टैरिफ नीति की घोषणा करने के कुछ घंटों बाद उन्होंने कहा, "हम भारत के साथ भी काम करने जा रहे हैं। हमारे पास बहुत निकट भविष्य में घोषित करने के लिए अलग-अलग बड़े व्यापार सौदे हैं"।

## रूस-यूक्रेन संघर्ष मुद्दा:

- दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन संघर्ष पर भी सवालों के जवाब दिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं युद्ध को समाप्त करने के लिए संभावित समाधान खोजने की दिशा में डोनाल्ड ट्रंप के प्रयासों का समर्थन करता हूं।

## आतंकवादी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण का मुद्दा:

- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करने की घोषणा की, इस कदम की भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोरदार सराहना की।

## भारत-चीन सीमा मुद्दे पर राष्ट्रपति ट्रंप की पेशकश:

- राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत-चीन सीमा तनाव और यूक्रेन में युद्ध सहित चल रहे वैश्विक संघर्षों में तनाव कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

+918988885050
+918988886060
www.vajiraoinstitute.com
info@vajiraoinstitute.com

- भारत-चीन सीमा मुद्दे पर राष्ट्रपति ट्रंप ने ज़रूरत पड़ने पर मध्यस्थता की पेशकश की। उन्होंने कहा, "मैं भारत को देखता हूं, मैं सीमा पर झड़पें देखता हूं, जो काफी क्रूर हैं, और मुझे लगता है कि वे जारी रहेंगी। अगर मैं मदद कर सकता हूं, तो मुझे मदद करना अच्छा लगेगा, क्योंकि इसे रोका जाना चाहिए"।